दिनांकः 12.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में पेयजल दरों में बढ़ोतरी के बावजूद उपभोक्ताओं से वर्तमान दरों पर ही पानी के बिलों की राशि वसूल की जाएगी।
- हनुमान जयंती आज प्रदेशभर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है–चूरू के सालासर धाम पर भक्तों का सैलाब उमड़ा।
- राज्य में कल कई स्थानों पर तेज़ आंधी के साथ बारिश–कुछ जगहों पर ओले गिरे।
- जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में कल होने वाले आईपीएल क्रिकेट मुकाबले को लेकर सभी तैयारियां पूरी।

प्रदेश में पेयजल दरों में बढ़ोतरी के बावजूद उपभोक्ताओं से वर्तमान दरों पर ही पानी के बिलों और अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल ने बताया कि इससे सरकार पर प्रतिवर्ष लगभग 21 सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग से पानी की वर्तमान दरों को चार गुना करने की सहमति मिलने पर दरों में बढोतरी की जा रही है। इसके बावजूद भी जनता पर अतिरिक्त भार नहीं डालने के उद्देश्य से जनहित में निर्णय लिया गया है।

मुख्य सचिव सुधांत पंत कल सवाईमाधोपुर जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सवाईमाधोपुर और करौली जिला कलेक्टर्स तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम में पेयजल और बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिये। श्री पंत ने अधिकारियों से जनहित को सबसे ऊपर रखते हुए काम करने को कहा, जिससे विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

राज्य में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था को सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। जैसलमेर में जलदाय विभाग ने कटिंजेन्सी प्लान बनाया है। विभाग के वरिष्ठ अभियंता कैलाश चंद मीणा ने बताया कि इस योजना के तहत जिले के 483 गांवों और 211 ढाणियों तक पानी पहुंचाया जाएगा।

..............

हनुमान जयंती आज देशभर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण का पाठ किया जा रहा है। कई जगहों पर भंडारे भी लगाए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। भरतपुर और बारां में मंदिरों में हनुमान जी का सिंदूर और चांदी के वर्क से श्रृंगार किया गया है और झांकियां सजाई गई हैं। पाली के खिंवाडा में देव बालाजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं भगवान को 51 किलो का रोट चढ़ाया जाएगा। जयपुर में भी आज हनुमान शोभायात्रा निकाली जाएगी। ये यात्रा सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होकर चांदपोल के हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इसके लिए परकोटे में सुगम यातायात के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं।

चूरू के सालासर बालाजी धाम पर चल रहा लक्खी मेला परवान पर है। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के अलावा आस–पास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

.............

आज संत पीपा जी जयंती भी मनायी जा रही है। संत पीपा जी भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में एक हैं। उनका जन्म पूर्वी राजस्थान के मालवा क्षेत्र में हुआ था। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बाडमेर और पाली के पीपा जी मंदिरों से शोभायात्रा निकाली जा रही है।

केन्द्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव आज से सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा शुरू कर रहे हैं। तीन दिन की इस यात्रा में वे अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री यादव आम लोगों से संवाद भी करेंगे। इसके साथ ही बजट घोषणाओं की क्रियान्विती और जनहित की अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

राज्य में कल कई स्थानों पर बरसात हुई। वहीं कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। बांसवाडा और बालोतरा में धूलभरी हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। भरतपुर में तेज अंधड से कई बिजली के खम्बे और पेड गिर गये। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हनुमानगढ के फेफाना गांव में बरसात के साथ ओले गिरे। पाली में देर रात बारिश हुई। जोधपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

...............

मौसम विभाग के अनुसार आज उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं कल से मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढोतरी होने का पूर्वानुमान है।

राजस्थान जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2024 आज आयोजित की जा रही है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से ये परीक्षा दो पारियों में ली जा रही है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत जेल प्रहरियों के 803 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में आज गुजरात टाइटन्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। लखनऊ में होने वाला ये मैच दोपहर साढे तीन बजे से शुरू होगा। वहीं एक अन्य मुकाबले में पंजाब किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। शाम साढे सात बजे से होने वाला ये मुकाबला हैदराबाद में होगा। इससे पहले, कल चेन्नई में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया।

इधर, जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में कल राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू के बीच मुकाबले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने कल स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

............

राष्ट्रीय आरोग्य मेले की कल से जयपुर में शुरूआत हुई। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में लगा ये मेला चार दिन चलेगा। आयुष मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की ओर से आयोजित इस मेले में लोगों को आयुष पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की जा रही है। इस दौरान देशभर से आए विशेषज्ञ विभिन्न तकनीकी सत्रों में विचार साझा करेंगे। मेले में करीब 600 विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

केन्द्र सरकार ने उभरती व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक समर्पित वैश्विक शुल्क और व्यापार हेल्प डेस्क शुरू की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि हेल्प डेस्क आयात और निर्यात चुनौतियों, आयात वृद्धि या डंपिंग, लोजिस्टिक या आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों, वित्तीय या बैंकिंग मुद्दों तथा विनियामक मुद्दों पर विचार करेगा।